AGLASEM.COM

2023-24

HALF YEARLY EXAM

NCERT BASED
SYLLABUS
DOWNLOAD PDF

FOR
CBSE BOARD
AND
STATE BOARDS

aglasem.com

Half Yearly Examination (2023 - 24)
Class IX
Hindi

TIME: 3 hrs. **MM: 80**

सामान्य निर्देश-

1. इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं - 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में कुल 45 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। इनमें से केवल 40 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।
3. खंड 'ब' मे7 वर्णनात्मक प्रश्न हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
4. यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।
5. दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

खंड - अ (वस्तुपरक प्रश्न)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (1X5=5)

हमारा अस्तित्व, हमारी प्रवृत्तियां तथा जीवन का प्रत्येक क्षण सत्य की आराधना के लिए होना चाहिए। ऐसा होने पर सारे नियम प्राप्त हो जाते हैं तथा उनका पालन आसान बन जाता है। सत्य हमारी वाणी, विचार तथा आचार में होना चाहिए। सत्य ही जगत का सार है तथा सत्य की प्राप्ति सच्चा आनंद है। सत्य से ही हमें उचित-अनुचित का ज्ञानहोता है। सत्य को अभ्यास तथा वैराग्य से प्राप्त किया जा सकता है। 'सत्य' का नाम ही परमेश्वर है। जिस प्रकार सबको परमात्मा के अलग-अलग रूप दिखाई देते हैं, उसी प्रकार सत्य भी सबके लिए भिन्न हो सकते हैं। सत्य की आराधना भक्ति है। भक्ति हरि का मार्ग है, उसमें कायरता नहीं होती, वह तो मर मिटना है। सत्य रूपी परमेश्वर रत्न चिंतामणि है।सत्य और अहिंसा का मार्ग सीधा परंतु तंग है। खांडे की धार पर चलने के समान है। वह पल-पल साधना से ही प्राप्त होता है। यह शरीर क्षणभंगुर है। इससे संपूर्ण सत्य-शाश्वत धर्म का दर्शन संभव है। मार्ग में आने वाले संकटों को सहने से जिज्ञासु आगे बढ़ सकता है परंतु संकटों के नाश से वह वहीं का वहीं रहता है।

(1) सत्य को जीवन में अपनानेसे क्या लाभ मिलता है?

(A) सच्चा आनंद प्राप्त होता है। (B) उचित-अनुचित का ज्ञान होता है।
(C) भौतिक आनंद प्राप्त होता है। (D) A औरB

(2) परमेश्वर की प्राप्ति कैसे हो सकती है?

(A) सत्य के मार्ग पर चलने से (B) तीर्थ यात्रा करने से
(C) मंदिर जाने से (D) पूजन करने से

(3) सत्य-अहिंसा का मार्ग कैसा है?

(A) दुर्गम (B) टेढा
(C) सीधा परंतु तंग (D) अंतहीन

(4) 'खांडे की धार पर चलने के समान है' - इस कथन का अर्थ है-

(A) बहुत सरल है। (B) बहुत कठिन है।
(C) बहुत लंबा होता है। (D) लाभदायक है।

(5) इस गद्यांश का शीर्षक हो सकता है-

(A) सत्य-असत्य की तुलना (B) सत्य के अलग-अलग रूप
(C) असत्य का परित्याग (D) सत्य का पालन

प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (1X5=5)

सभ्यता का सूर्य उगने से पहले ही आदमी ने पेड़-पौधों से नशीले पदार्थ पाकर उनका रसास्वादन शुरू कर दिया था। पुरातात्विक उत्खनन से पता चलता है कि पाषाण युग में भी अफीम का सेवन किया जाता था। भांग, गांजा और चरस का इतिहास भी हजारों साल पुराना है। भारत मिश्र, चीन और तुर्की में 3000 वर्ष ईसा पूर्व से उनके प्रयोग के सुस्पष्ट उल्लेख मिलते हैं। दक्षिण अमेरिकी

आदिवासी भी सदियों से कोकेन का सेवन करते आए हैं। 19वीं सदी के उत्तरार्ध तक मन की तार तरंगों को रागमय बनाने के ये भ्रामक प्रयास आबादी के छोटे से हिस्से तक सीमित थे। जीवन की सच्चाइयों से मुंह मोड़ने के लिए थोड़े से लोग नशे की भूल- भुलैया में को जाया करते थे। पर जैसे-जैसे जीवन का रूप बदला तौर-तरीके और मूल्य बदले, चिलम का धुआं समाज की रग-रग में बढ़ता-फैलता गया। परिणामस्वरूप आज कोई गम दूर करने, तो कोई शून्य, स्नेहरहित, नीरस जीवन में रस लाने के लिए, कोई उत्सुकतावश, तो कोई फैशनबुल दिखने-कहलाने के लिए नशे के नरक में धंसता जा रहा है।

(1) चिलम का धुआं समाज की रग-रग में कैसे फैलता गया?

(A) लोग नशे के अभ्यस्त हो गए थे। (B) चिलम पीने से धुआं निकलता है।

(C) धुआं निकालने का एकमात्र कारण चिलम था। (D) चिलम का धुआं पर्यावरण को शुद्ध रखता था।

(2) 'सभ्यता का सूर्य उगने से पहले' का अर्थ है-

(A) लोग अनपढ़ थे। (B) लोग डरपोक थे।

(C) लोग विकसित नहीं थे। (D) सूर्योदय नहीं होता था।

(3) लोग नशे की भूल-भुलैया में खो कैसे जाते थे?

(A) नशे के कारण रास्ता सूझता नहीं था।

(B) लोगों को भूल-भुलैया में खोना पसंद था।

(C) नशे की भूल-भुलैया किसी जगह का नाम था।

(D) जीवन की सच्चाइयों से मुंह मोड़ने के लिए खोना पसंद करते थे।

(4) पाषाण युग में किसका नशा किया जाता था?

(A) भांग (B) गांजा

(C) अफीम (D) चरस

(5) प्रायः मनुष्य नशे के नरक में धंसते क्यों जा रहे हैं?

(A) फैशनबुल दिखने के लिए (B) नीरस जीवन में रस लाने के लिए

(C) गम दूर करने के लिए (D) ये सभी

(व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न 3. रिक्त स्थान की पूर्ति उचित विकल्प द्वारा कीजिए- (1X2=2)

(1) वर्णों के सार्थक समूह को ---------कहते हैं।

(A) शब्द (B) पद

(C) व्यंजन (D) वाक्य

(2) जब कोई शब्द वाक्य में प्रयुक्त हो जाता है तो वह ------ बन जाता है।

(A) वाक्य (B) उपसर्ग

(C) व्यंजन (D) पद

प्रश्न 4. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1X2=2)

(1) सही अनुस्वार युक्त शब्द है-

(A) पचंम (B) अजामं

(C) आंतरिक (D) ये सभी

(2) सही अनुनासिक युक्त शब्द है-

(A) धुआं (B) जटांए

(C) कंपन (D) इनमें से कोई नहीं

(3) अनुस्वार का गलत प्रयोग किस शब्द में हुआ है-

(A) चंचल (B) पंडित

(C) असंभव (D) सयुंक्त

प्रश्न 5. निम्नलिखित उपसर्ग व प्रत्यय युक्त प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए- (1X4=4)

(1) 'प्रत्येक' का विग्रह है-

(A) प्र + तक (B) त्यर + प्रति

(C) प्रति + एक (D) प्रत्य +क

(2) 'द्रवित' का विग्रह है-

(A) द्रव + इति (B) द्रव + इत

(C) द्रव + ईत (D) इनमें से कोई नहीं

(3) 'राष्ट्रीयता' में प्रत्यय है-

(A) राष्ट्र (B) रा

(C) ता (D) यता

(4) 'लापरवाह' में उपसर्ग है-

(A) ला (B) वाह

(C) परवाह (D) इनमें से कोई नहीं

(5) 'दुर्लभ' का विग्रह है-

(A) दु + लभ (B) दुरी + भ

(C) दुर् + लभ (D) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 6. स्वर संधि पर आधारित किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए-(1X3=3)

(1) 'नियमानुसार' का संधि विच्छेद है-

(A) नियम + नुसार (B) नियम + अनुसार

(C) नियम + सार (D) नि + अनुसार

(2) महा + उत्सव की संधि है-

(A) महोत्सव (B) महाउत्सव

(C) महौत्सव (D) इनमें से कोई नहीं

(3) 'इत्यादि' का संधि विच्छेद है-

(A) इती + आदी (B) इ + आदि

(C) इति + आदि (D) इस + त्यादि

(4) सप्त + ऋषि की संधि है-

(A) सातसौऋषि (B) सप्तऋषि

(C) सातऋषि (D) सप्तर्षि

प्रश्न 7. विराम चिन्ह पर आधारित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए- (1X3=3)

(1) विस्मयादिबोधक का चिन्ह है-

(A) ? **(B) ;**

(C) ! **(D) _**

(2) जहां शब्द को पूरा न लिखकर इसका संक्षिप्त रूप लिख दिया जाता है वहां----- चिन्ह का प्रयोग होता है-

(A) विवरण चिन्ह (B) त्रुटिपरक चिन्ह

(C) निर्देशक चिन्ह (D) लाघव चिन्ह

(3) धीरे-धीरे में किस विराम चिन्ह का प्रयोग हुआ है?

(A) उदाहरण चिन्ह (B) योजक चिन्ह

(C) पूर्णविराम चिन्ह (D) प्रश्नवाचक चिन्ह

(4) किस वाक्य में विराम चिन्ह का उचित प्रयोग हुआ है -

(A) सुभाष चंद्र बोस ने कहा था, "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा।"

(B) यहां कौन रहता है।

(C) दुख-सुख , सत्य-असत्य

(D) A और C दोनों सही है।

प्रश्न 8. अर्थ के आधार पर वाक्य के किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1X2=2)

(1) यदि समय पर स्टेशन पहुंचते तो ट्रेन न छूटती।

(A) विधानवाचक (B) विस्मयवाचक

(C) निषेधवाचक (D) संकेतवाचक

(2) ईश्वर तुम्हें सदैव स्वस्थ व प्रसन्न रखे।

(A) प्रश्नवाचक (B) इच्छावाचक

(C) संदेहवाचक (D) इनमें से कोई नहीं

(3) संदेहवाचक वाक्य का उदाहरण है-

(A) तुम्हारा नाम क्या है? (B) वह पढ़ रहा है।

(C) शायद पिताजी आगरा जाएं। (D) वाह! तुम प्रथम आ गए।

(पठित बोध)

प्रश्न 9. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-(1X5=5)

रहिमन धागा प्रेम का मत, तोड़ो चटकाय।
टूटे से फिर ना मिले, मिले गांठ परि जाय।।
रहिमन निज मन की बिथा, मन ही राखो गोय।
सुनि अठिलैहैं लोग सब, बांटि न लैहैं कोय।।

(1) रहीम ने किस बात के लिए मना किया है?

(A) अपना दुख दूसरों को नहीं बताना चाहिए। (B) अपना दुख दूसरों को बताना चाहिए।

(C) अपना दुखसबको बताना चाहिए। (D) A और B दोनों सही है।

(2) कवि अपने मन की व्यथा को कहां रखने को कहते हैं?

(A) दूसरों के पास (B) किसी के भी पास नहीं

(C) केवल अपने मन में (D) इनमें से कोई नहीं

(3) दूसरों का दुख सुनकर लोग उसका -

(A) मजाक बनाते हैं। (B) उसको कम करते हैं।

(C) कुछ नहीं करते। (D) ये सभी

(4) कौन-सा धागा नहीं तोड़ना चाहिए?

(A) नफरत का (B) संसार का

(C) प्रेम का (D) रेशम का

(5) रहीम के दोहों से हमें -

(A) दुनियादारी की सीख मिलती है। (B) ज्ञान की बातें सीखते हैं।

(C) केवल A सही है। (D) A और B दोनों सही हैं।

प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- (1X2=2)

(1) कवि रहीम के अनुसार पानी किसके लिए अति आवश्यक है?

(A) मनुष्य के लिए (B) मोती के लिए

(C) आटे के लिए (D) ये सभी

(2) कवि रैदास के अनुसार गरीब निवाज़ु कौन है?

(A) कवि स्वयं (B) भक्त

(C) ईश्वर (D) ये सभी

प्रश्न 11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए- (1X5=5)

उस पुत्र-वियोगिनी के दुख का अंदाजा लगाने के लिए पिछले साल अपने पड़ोस में पुत्र की मृत्यु से दुखी माता की बात सोचने लगा। वह संभ्रांत महिला पुत्र की मृत्यु के बाद ढाई मास तक पलंग से उठ न सकी थी। उन्हें 15 मिनट बाद पुत्र वियोग से मूर्छा आ जाती थी और मूर्छा न आने की अवस्था में आंखों से आंसू न रुकते थे। दो-दो डॉक्टर हमेशा सिराहने बैठे रहते थे। हरदम सिर पर बर्फ रखी जाती थी। शहरभरके लोगों के मन उस पुत्र-शौक से द्रवित हो उठे थे। जब मन को सोच का रास्ता नहीं मिलता तो बेचैनी से कदम तेज हो जाते हैं। इस हालत में नाक ऊपर उठाए, राह चलतो से ठोकरें खाता मैं चला जा रहा था।

(1) लेखक किस बात का अंदाजा लगाना चाहता था?

(A) पुत्र वियोगिनी के दुख का (B) संभ्रांत महिला के दुख का

(C) आर्थिक स्थिति का (D) ये सभी

(2) बुढ़िया को देखकर लेखक को संभ्रांत महिला की याद आई क्योंकि-

(A) वह अमीर थी। (B) वह उसकी बीमारथी।

(C) दोनों की स्थिति एक समान थी। (D) इनमें से कोई नहीं।

(3) संभ्रांत महिला के दुख से पूरा शहर दुखी था क्योंकि-

(A) वह अमीर थी। (B) वह बीमार थी।

(C) उसके पुत्र की मृत्यु हो गई थी। (D) वह बुजुर्ग थी।

(4) संभ्रांत महिला और खरबूजे बेचने वाली स्त्री का दुःख समान होते हुए भी उनकी स्थिति में क्या अंतर था?

(A) एक अमीर व दूसरी गरीब थी।

(B) पहली महिला दुख मनासकती थी तथा दूसरी नहीं।

(C) एक स्वस्थ व दूसरी अस्वस्थ थी।

(D) A और B दोनों सही हैं।

(5) पाठ के लेखक का नाम है -

(A) रामविलास शर्मा (B) यशपाल

(C) महादेवी वर्मा (D) श्रीराम शर्मा

प्रश्न 12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- (1X2=2)

(1) अखाड़े की मिट्टी के विषय में कौन-सा कथन सत्य है-

(A) यह साधारण मिट्टी होती है। (B) इसे तेल और मट्ठे से सींचा जाता है।

(C) इसे देवताओं पर चढ़ाया जाता है। (D) B और C दोनों सही हैं।

(2) लेखक और अतिथि क्या करके समय काट रहे थे?

(A) लेखक उपन्यास पढ़ रहा था। (B) अतिथि फिल्मी पत्रिका के पन्ने पलट रहा था।

(C) केवल A सही है। (D)A और B दोनों सही हैं।

खंड ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न 13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए- (3X2=6)

(1) अपने घर आए अतिथि के बारे में लेखक के मन में क्या भावनाएं थी? क्या आप अतिथि को देवता मानते हैं?

(2) एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचकर लेखिका ने क्या-क्या काम किए?

(3) 'धूल' पाठ का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 14. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए- (3X2=6)

(1) गीत-अगीत में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(2) रहीम के अनुसार प्रेम का धागा टूटने पर पहले की भांति क्यों नहीं हो पाता?

(3) कवि रैदास के पदों का केंद्रीय भाव बताइए।

प्रश्न 15. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए- (3X2=6)

(1) गिल्लू पाठ के अनुसार बताइए की कौए के साथ एक साथ समादरित और अनादरित व्यवहार क्यों किया जाता है?

(2) लेखक ने किन परिस्थितियों में चिट्ठियों को कुएं से निकालने का निर्णय लिया? आपकी दृष्टि में क्या वह निर्णय उचित था?

(3) लेखक और उसके साथी स्कूल जाते समय रास्ते में क्या शरारत किया करते थे? क्या आपने भी बचपन में ऐसी शरारतें की हैं? बताइए।

प्रश्न 16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- (6X1=6)

(1) बढ़ती जनसंख्या : विकट समस्या

वृद्धि के कारण

दुष्प्रभाव

उपाय

(2) मेरे गांव का मेला

मेले का महत्व
मेरे गांव का मेला
मेले का वर्णन

(3) आदर्श विद्यार्थी
विद्यार्थी का अर्थ
आदर्श विद्यार्थी के गुण
सफलता का आधार

प्रश्न 17. आपका छोटा भाई देहरादून के छात्रावास में रहता है। समय व शिक्षा का महत्व समझाते हुए लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए। (6X1=6)

प्रश्न 18. अपने शहर में दिन-प्रतिदिन बढ़ते अपराधों के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए दो व्यक्तियों के बीच लगभग 100 शब्दों में संवाद लिखिए। (5X1=5)

प्रश्न 19. दिए गए चित्र को देखकर लगभग 80 शब्दों में इसका वर्णन कीजिए। (5X1=5)

